प्रादेशिक समाचार
16.10.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सरायकेला–खरसावां में 34वें वार्षिक यूरोलॉजी सम्मेलन का किया उद्घाटन, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता पर दिया जोर।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में तीन दिवसीय इप्शोवा दिवाली मेले का किया उद्घाटन, कहा–इप्शोवा समाज के जरूरतमंदों के लिए लगातार संवेदनशील और सहायक रहा।
3. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वोटर आईडी दस्तावेजों में छेड़–छाड़ की शिकायतों पर लिया संज्ञान, सभी निर्वाचन पदाधिकारियों को सतर्क रहने और हेरफेर पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई के दिए निर्देश।
4. सरायकेला–खरसावां जिला भारत सरकार के "आदि कर्मयोगी" और "धरती आबा जनभागीदारी" अभियान में देश के सर्वश्रेष्ठ जिलों में हुआ शामिल, उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर किया जाएगा सम्मानित ।
5. रांची में 24 से 26 अक्टूबर तक साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का होगा आयोजन, लोगो और मैस्कॉट का कल होगा अनावरण।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सरायकेला–खरसावां में 34वें वार्षिक यूरोलॉजी सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि यूरोलॉजी चिकित्सा में आधुनिक तकनीकों के जरिए विश्वस्तरीय उपचार संभव हो रहा है। उन्होंने छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में यूरोलॉजिस्ट की कमी को गंभीर समस्या बताया और विशेषज्ञ सुविधाओं को इन्हीं क्षेत्रों तक पहुँचाने का आह्वान किया। मौके पर राज्यपाल ने स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रधानमंत्री की पहलों, आयुष्मान भारत और जन औषधि केंद्रों की सराहना करते हुए स्वस्थ जीवन के महत्व पर जोर दिया।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज रांची के डोरंडा जैप वन ग्राउंड में तीन दिवसीय इप्शोवा दिवाली मेले का उद्घाटन किया। इस मेले में 112 स्टाल लगाए गए हैं, जिनमें खानपान, शस्त्र और तीरंदाजी की प्रदर्शनी भी शामिल है। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इप्शोवा समाज के जरूरतमंदों के लिए लंबे समय से संवेदनशील और सहायक रहा है।

कार्यक्रम में गांडेय विधायक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन, पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता और इप्शोवा अध्यक्ष शिखा गुप्ता समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

****

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने वोटर आईडी बनाने की प्रक्रिया में उम्र से संबंधित दस्तावेजों में छेड़–छाड़ की शिकायतों पर संज्ञान लिया है। उन्होंने सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। श्री कुमार ने कहा कि कुछ व्यक्ति, प्रज्ञा केंद्र या साइबर कैफे सरकारी लाभ के उद्देश्य से दस्तावेजों में हेरफेर कर रहे हैं। ऐसे मामलों में दोषी व्यक्तियों या संस्थानों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं।

****

सरायकेला–खरसावां जिला भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित "आदि कर्मयोगी अभियान" एवं "धरती आबा जनभागीदारी अभियान" में देश के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों में शामिल हुआ है। यह उपलब्धि जिले में नवाचारी पहलों, समावेशी जनजातीय विकास और समुदाय की सक्रिय भागीदारी के कारण मिली है। नई दिल्ली में 17 अक्टूबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में जिले को सम्मानित किया जाएगा।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है। यह उत्सव पिछले महीने की 22 तारीख से शुरू हुआ है। इस कड़ी में आज एक नज़र मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था पर जीएसटी सुधारों का प्रभाव।

****

खूंटी में जीएसटी रिफॉर्म के बाद बाजारों में उत्साह का माहौल है और व्यापारी धनतेरस पर बेहतर बिक्री की उम्मीद कर रहे हैं। टीवी, फ्रिज, इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन और वाहनों के दाम घटने से ग्राहकों की खरीदारी में बढ़ोतरी देखी जा रही है। दूकानदारों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का धन्यवाद करते हुए कहा कि रिफॉर्म का लाभ सीधे उपभोक्ताओं को मिल रहा है।

****

देवघर जिले में छठ महापर्व को लेकर नगर निगम पूरी मुस्तैदी के साथ छठ घाटों की सफाई में लगा है।

****

राजधानी रांची में 24 से 26 अक्टूबर तक साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन होगा, जिसमें भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और मालदीव के लगभग 300 एथलीट 37 स्वर्ण पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह तीसरी बार है जब भारत इस प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी कर रहा है। इससे पहले 1997 और 2008 में प्रतियोगिता सफलतापूर्वक आयोजित की गई थी।

****

रांची में आयोजित होने वाली चौथी साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लोगो और मैस्कॉट का अनावरण कल बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री द्वारा किया जाएगा।

********समाप्त*********